नदियों के बदले रुख ने मचाई तबाही हाईवे का 20 मीटर हिस्सा बह गया

कैलाश नदी के तेज बहाव से क्षतिग्रस्त हुआ स्टेट हाईवे | नदी में समाया घर, बचाव दलों ने परिवारों को किया रेस्क्यू | कई जगहों पर पानी के बहाव में खेतों में भी शुरु हुआ कटाव

संवाद न्यूज एजेंसी

सितारगंज। पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश के कारण कैलाश और बैगुल नदियां उफान पर हैं। मंगलवार देर रात दोनों नदियों ने सितारगंज में जमकर तबाही मचाई। कैलाश नदी का रुख बदलने से बिज्टी-मझोला स्टेट हाईवे का करीब 20 मीटर हिस्सा नदी में धंस गया।

वहीं शक्तिफार्म में बैगुल नदी के कटाव से एक परिवार का आशियाना नदी में समा गया। कई जगहों पर पानी ने खेतों को भी निगल लिया। प्रशासन और पुलिस की टीमों ने प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाकर राहत एवं बचाव कार्य चलाया।

मंगलवार रात करीब 10:30 बजे कैलाश नदी के तेज बहाव ने बिज्टी-मझोला मार्ग स्थित कैलाश पुलिया के एप्रोच मार्ग को अपनी चपेट में ले लिया। नदी के बहाव का रुख बदलने के कारण पानी खेतों को काटता हुआ सीधे स्टेट हाईवे तक पहुंच गया।

तेज बहाव से सड़क के नीचे की मिट्टी कट गई और सड़क का करीब 20 मीटर हिस्सा धंसकर नदी में समा गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना की आशंका को देखते हुए मार्ग पर बैरियर लगाकर वाहनों की आवाजाही रोक दी।

स्टेट हाईवे-41 के धंसने के बाद कंक्रीट डालकर अस्थायी रूप से आवागमन लायक बनाया गया। संवाद

पहले भी बदल चुका है कैलाश नदी का रुख

ओबीसी आयोग के सदस्य हरजिंदर सिंह खालसा ने बताया कि कैलाश नदी के रुख बदलने के कारण कैलाश पुल का एप्रोच मार्ग क्षतिग्रस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि नदी के बहाव में बदलाव के कारण इससे पहले भी स्टेट हाईवे को नुकसान पहुंच चुका है। ऐसे में नदी के कटाव और बहाव को नियंत्रित करने के लिए स्थायी सुरक्षा कार्यों की जरूरत है।

प्रशासन अलर्ट, प्रभावित परिवारों पर रख रहा नजर

तहसीलदार हिमांशु जोशी ने बताया कि प्रशासन की टीमें लगातार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रही हैं। नदी किनारे रहने वाले परिवारों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जरूरत पड़ने पर उन्हें तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। प्रशासनिक टीम स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए है।

बच्चों को रिश्तेदारों के यहां भेजा

मंगलवार को बैगुल के बढ़ते जलस्तर से प्रभावित नकहा और नयागांव के परिवारों को प्रशासन ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया था। इसके बाद बुधवार को नदी का जलस्तर कम होने के बाद राहत शिविरों में ठहरे परिवार अपने घरों की ओर लौट गए। पीड़ित कुलदीप ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें रिश्तेदारों के घर भेज दिया गया है। वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर संभालने और नुकसान का जायजा लेने के लिए गांव लौटे हैं।

एक घर नदी में समाया, फसल पर भी संकट

शक्तिफार्म के गांव सुरेंद्रनगर में बैगुल नदी का जलस्तर बढ़ने और तेज कटाव से हालात और गंभीर हो गए। गांव के पीछे बह रही नदी ने अपना रौद्र रूप दिखाते हुए आसपास की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि को अपनी चपेट में ले लिया। कटाव लगातार बढ़ने से एक घर भी नदी में समा गया। सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

सुरेंद्रनगर में बैगुल नदी की तेज बहाव की चपेट में आया आशियाना। संवाद

इसके बाद वाहनों को खेमपुर-मटिया मार्ग से डायवर्ट किया गया। लोक निर्माण विभाग की टीम ने रातभर मौके पर रहकर क्षतिग्रस्त एप्रोच मार्ग को दुरुस्त किया। भारी मशक्कत के बाद पत्थर और अन्य सामग्री डालकर सड़क को अस्थायी रूप से आवागमन लायक बनाया गया।

बुधवार सुबह से मार्ग पर वाहनों की आवाजाही फिर शुरू करा दी गई। अपर सहायक अभियंता सत्यपाल सिंह ने बताया कि कैलाश नदी ने अपना बहाव बदल लिया था। पानी के तेज बहाव ने पुल के एप्रोच मार्ग को अंदर से खोखला कर दिया था।

मेरी आवाज सुनो...

पानी निकासी के लिए नाली बनाए जाने की जरूरत

काशीपुर। शहर के मोहल्ला टांडा उज्जैन में जलभराव और नाली न होने की समस्या को लेकर लोगों में नाराजगी है। इस क्षेत्र में लोगों के मकान सड़क से पूर्वी दिशा में स्थित हैं। सड़क के पूर्व में एक भी पक्की नाली नहीं बनी है, वहीं पश्चिम दिशा में भी नाली नहीं होने से बरसात में स्थिति बदतर हो जाती है। बरसात के पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को इस समस्या का समाधान कराना चाहिए। -भूपेंद्र सिंह चौहान, अधिवक्ता, मोहल्ला टांडा उज्जैन

आप भी भेज सकते हैं अपने क्षेत्र की ऐसी किसी समस्या की जानकारी जो लोकहित से जुड़ी हो और जिसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही हो।

मेल आईडी ntl-dakincharge@ntl.amarujala.com

व्हाट्सएप नंबर 8400868888

गौला नदी के कटाव से 10 बीघा कृषि भूमि बही, बेहड़ ने किया निरीक्षण

शांतिपुरी। दो दिन से हो रही तेज बारिश के कारण शांतिपुरी क्षेत्र में गौला नदी का वेग काफी बढ़ गया है। नदी के तेज बहाव से भारी भूकटाव शुरू हो गया है। अब तक करीब 10 बीघा कृषि भूमि नदी में समा चुकी है। इससे किसान परेशान हैं।

बुधवार को विधायक तिलक राज बेहड़ ने जिपं सदस्य प्रेम आर्य, पूर्व जिपं सदस्य विनोद कोरंगा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष विशन सिंह कोरंगा सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ संबंधित क्षेत्र का निरीक्षण कर भूकटाव की स्थिति का जायजा लिया।

प्रभावित किसानों में रमेश दानू, धन सिंह मेहता, पनीराम, डिगर राम, पोखर राम, पंकज आर्य, भवान राम, प्रताप राम, भगवान सिंह, शेर सिंह और मोहन सिंह नेगी आदि ने बताया कि लगातार कटाव के चलते उनकी उपजाऊ कृषि भूमि नदी में समाती जा रही है। विधायक ने कहा कि भविष्य में किसानों की जमीन नदी के कटाव से सुरक्षित रहे, इसके लिए ठोस नीति तैयार कर नाबार्ड या अन्य उपलब्ध फंड से एस्टीमेट तैयार कराया जाएगा। वहां पूर्व प्रधान नारायण सिंह कोरंगा, रमेश लोहनी, सुरेंद्र कार्की, दीप सिंह कोरंगा, चंचल सिंह कोरंगा आदि थे। संवाद

गौला नदी से हुए भूकटाव का निरीक्षण करते विधायक बेहड़ व अन्य। संवाद

तापमान

26.8° अधिकतम | 24.4° न्यूनतम

आज का पूर्वानुमान: डॉ. एएस नैन के अनुसार बृहस्पतिवार को आंशिक बादलों के बीच हल्की बारिश की संभावना है।

सूर्योदय 5:50 सुबह | स्थानीय समयानुसार | सूर्यास्त 6:33 शाम

आज के कार्यक्रम

रुद्रपुर

- **कार्यक्रम** : पंतनगर विवि में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 139वीं जयंती के उपलक्ष्य में पंत भवन छात्रावास में विभिन्न कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- **शोभायात्रा** : रुद्रपुर में श्रीकृष्ण जनमाष्टमी के मौके पर शोभायात्रा शाम साढ़े तीन बजे से।
- **श्रीमद्भागवत कथा** : रुद्रपुर के श्री सनातन धर्म लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रीमद्भागवत शाम तीन बजे से।

काशीपुर

- **खेल** : काशीपुर के राधेहरि पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर फुटबाल और रग्बी प्रतियोगिता 12 बजे से।
- **किसान गोष्ठी** : काशीपुर के कृषि विज्ञान केंद्र में कैमोलिना खेती एवं बायोफ्यूल पर किसान गोष्ठी सुबह 11 बजे से।

आपकी आवाज

किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।

ईमेल: ntl-dakincharge@ntl.amarujala.com

व्हाट्सएप करें: 9528031738 (रुद्रपुर), 9548521715 (काशीपुर)

सराफा भाव

सोना	चांदी
1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम	2,61,000 रुपये प्रति किलो

किच्छा में एसडीएम और तहसीलदार ने लिया जायजा

किच्छा। एसडीएम गौरव पांडेय और तहसीलदार गिरीश चंद त्रिपाठी ने बुधवार को गौला नदी क्षेत्र का दौरा किया।

एसडीएम पांडेय ने बताया कि गौला में जलस्तर सामान्य है। कहीं भी बाढ़ या जलभराव जैसी स्थिति नही है। उन्होंने बताया कि प्रशासन गौला क्षेत्र में जलस्तर बढ़ने पर पूरी निगाह बनाए हुए है। संवाद

महुआखेड़ा गंज में जलभराव, लोग परेशान

संवाद न्यूज एजेंसी

महुआखेड़ा गंज। बारिश के बाद नगर के कई इलाकों में जलभराव हो गया। जिन कॉलोनियों में अब भी कच्चे रास्ते हैं, वहां पानी भरने से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है।

जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग

वहीं फैक्टरियों के बीच बनी सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे होने से उनमें भी पानी भर गया जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों ने अधिकारियों से कच्चे रास्तों को दुरुस्त कराने और जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है।

निकासी की व्यवस्था नहीं, जलभराव ने किया परेशान

बाजपुर। लगातार हो रही बारिश से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर सहित कई स्थानों पर जलभराव हो गया। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पानी निकासी नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्र में मार्ग भी तालाब बन गए।

इधर, बारिश के चलते लेवड़ा, गडरी और कोसी नदी का जल स्तर बढ़ गया है। एसडीएम ऋचा सिंह के निर्देश पर बीडीओ शेखर जोशी ने टीम के साथ महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया।

बीडीओ ने बताया कि प्रधान से मोटर लगवाकर पानी निकासी कराई जा रही है। इधर, गांव नंदपुर नरका टोपा स्थित कॉलोनी में रास्ता तालाब में तब्दील हो गया है।

बाजपुर के गांव नंदपुर नरका टोपा कॉलोनी में जलभराव। स्रोत : जागरूक ग्रामीण

गांव के सामाजिक कार्यकर्ता लक्की संधू ने बताया कि कॉलोनी में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है, रास्ता भी बदहाल है। जलभराव होने से संक्रमण रोग फैलने की आशंका बनी है। इसके अलावा अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से लोग परेशान है। संवाद

रुक-रुक कर हो रही बारिश से जलमग्न हुए कई इलाके

काशीपुर। पिछले 48 घंटों से रुक-रुक कर हो रही बारिश से शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए। बांसफोड़ान और कटरामालियान में कई दुकानों में पानी घुस आने से व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा।

सोमवार की रात से शुरू हुई बारिश मंगलवार के बाद बुधवार को भी जारी रही। बारिश से मोहल्ला कटोराताल, कटरामालियान, गंज, थानासाबिक, मुख्य चौराहा, गेबिया नाला, गौतम नगर नाला, रामनगर रोड नाला, मुख्य बाजार, पटेल नगर, मुरादाबाद रोड, रेलवे स्टेशन रोड आदि क्षेत्रों में कई-कई फीट पानी भर घुस गया।

दुकानों में पानी घुसने से काफी सामान भीग गया। जलभराव के कारण दोपहिया वाहन बीच रास्ते में बंद हो गए जिससे यातायात प्रभावित हुआ। वहीं, नई बसी कालोनियों में खाली पड़े भूखंड तालाबों में तब्दील हो गए। संवाद

खेतलसंडा खाम में पुलिया के ऊपर से बहा नाले का पानी

खटीमा में दूसरे दिन भी जगह-जगह जलभराव से जनजीवन प्रभावित

संवाद न्यूज एजेंसी

खटीमा। खटीमा क्षेत्र में बुधवार को दिनभर हुई बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। खेतलसंडा खाम पुलिया के ऊपर नाले का पानी बहने से राजीव नगर जाने के लिए मार्ग बंद हो गया।

सितारगंज मार्ग और खटीमा उप जिला अस्पताल परिसर में भी जलभराव की समस्या रही। क्षेत्र में 55 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इधर, वनगवां गांव के श्रीलंका टापू से दूसरे दिन बरसाती पानी निकलने से ग्रामीणों को जलभराव की समस्या से राहत मिली।

लगातार बारिश के चलते राजीव नगर चौराहे से लोहियाहेड मार्ग को जाने वाली सड़क के गड्ढों में जलभराव और फिसलन से राहगीर परेशान रहे। खकरा और ऐंठा नाले का जलस्तर बढ़ने से खेतलसंडा खाम के पास पुलिया के ऊपर नालों का पानी बहने लगा जिससे राजीव नगर और खेतलसंडा खाम के बीच आवाजाही बंद हो गई।

उप जिला अस्पताल परिसर से बरसाती पानी की निकासी न हो पाने से मरीजों व तीमारदारों को काफी असुविधा हुई। सितारगंज मार्ग पर कुछ दुकानों में बरसाती पानी घुस गया। इधर, तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण ने बताया कि ग्राम वनगवां में राहत शिविरों में रह रहे अधिकांश परिवार अपने घर चले गए हैं।

उन्होंने बताया कि वनगवां गांव के 19 प्रभावित परिवारों को प्रशासन की ओर से पांच हजार रुपये के राहत राशि के चेक वितरित किए जाएंगे। चेक तैयार कर लिए गए हैं।

खेतलसंडा खाम में पुलिया के ऊपर से बहता पानी। स्रोत : जागरूक पाठक

नौसर में कई घरों में घुसा बरसात का पानी

मझोला। मझोला क्षेत्र में दो दिन से लगातार हुई बारिश के चलते नौसर, जादोपुर, रघुलिया आदि गावों के लोगों को काफी दिक्कतें हुईं। नौसर में चार घरों में चारों तरफ बरसाती पानी भरने पर लोगों को सुरक्षित स्थान में पहुंचाया गया। नौसर ग्राम प्रधान महेंद्र पाल ने बताया कि सत्रहमील से नौसर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर पानी भर जाने से आवाजाही बाधित रही। गांव के कई निचले क्षेत्रों में जल भराव होने से ग्रामीण परेशान रहे। संवाद

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि खण्ड राजगढ (चूरू)

क्रमांक: 1005-13 दिनांक:- 17.08.2026

ई-निविदा सूचना संख्या: 09/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील राजगढ जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। आर.पी डब्लयू.ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एवं विभागीय बेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in व http://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. PWD2627A2502

W.No.	UBN No.	W.No.	UBN No.
1	PWD2627WSOB11159	2	PWD2627WSOB11160
3	PWD2627WSOB11162		

अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि खण्ड राजगढ (चूरू)

DIPR/C/15520/2026

न्यायालय जिला जज, जिला नैनीताल

प्र0टी0प्रा0पत्रसं0- 150 सन् 2026

प्रार्थिनी- श्रीमती कल्पना नैनवाल उम्र 45 वर्ष पत्नी स्व0 उमेश चन्द्र नैनवाल, ग्राम- पूरनपुर नैनवाल, कमलुवागांजा, तह0 व जिला- हल्द्वानी, जिला-नैनीताल।

बनाम

विपक्षीगण- 1. श्री आदित्य नैनवाल पुत्र स्व0 उमेश चन्द्र नैनवाल निवासी ग्राम पूरनपुर नैनवाल, कमलुवागांजा, तह0 व जिला- हल्द्वानी, जिला-नैनीताल।
2. रिश्तेदारान एवं हर आम व खास ।

नोटिस बनाम हर खास व आम को सूचनार्थ

हरगाह प्रार्थिनी उपरोक्त ने ग्राम पूरनपुर नैनवाल, परगना भाबर छः, त0 हल्द्वानी जिला नैनीताल में स्थित भूमि के हाल खाता सं0 19 में से अपनी नाबालिग पुत्री कु0 आयुषी नैनवाल के हक हिस्से की वर्ग 1 क श्रेणी की 0.1632 है0 भूमि विक्रय करने की अनुमति चाहने हेतु एक प्रार्थना पत्र इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है, जिसमें दि0 25/9/26 वास्ते सुनवाई नियत है।

लिहाजा हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रार्थना-पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त तिथि को वक्वत 10 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त प्रार्थना पत्र तद्नुसार सुना व निर्णित किया जाएगा।

आज दिनांक 25/8/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुंसरिम, न्यायालय जिला जज, नैनीताल

मनोरंजन, सिनेमाजगत की हर खबर amarujala.com पर

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा : क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, प्रथम तल क्षेत्रीय कार्यालय, रुद्रपुर, गाबा चौक के पास, काशीपुर रोड, रुद्रपुर- 263153 | **ई-नीलामी सूचना**

चल/अचल संपत्तियों की नीलामी सूचना "परिशिष्ट IV-A" नियम 6(2) एवं 9(1) देखें

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुन: निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सुरक्षा अधिनियम (पवर्तन) 2002 के साथ पठित नियम 6(2) एवं 9(1) के अधीन बैंक को बंधक रखी चल/अचल संपत्तियों की ई-नीलामी

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी एवं जमानतदार को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित संपत्ति बैंक ऑफ बडौदा के पास बंधक है एवं जिसका कब्जा बैंक के संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, खर्चे एवं कीमत इत्यादि सहित वसूलने हेतु निम्न शर्तो एवं नियमों के अंतर्गत ई-नीलामी द्वारा विक्रय की जा रही है। निम्न वर्णित संपत्तियां "जहां है जैसी है एवं जो है जैसी है" के आधार पर ई-नीलामी के द्वारा विक्रय की जायेंगी। बकाएदार/जमानतदार/सम्पत्ति/यों का विवरण/बकाया धनराशि/रिर्जव प्राईज/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, आरक्षित मूल्य एवं न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है :-

क्र. सं.	ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	चल/अचल सम्पत्ति का विवरण	रिजर्व प्राईज	दिनांक एवं ई-नीलामी के प्रारम्भ का समय	मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि / बकाया धनराशि
1.	1. **मैसर्स सम्राट एंटरप्राइजेज,** द्वारा इसके प्रोपराइटर श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल, प्लॉट नं. 8/1, हिमालयन फूड पार्क, महुआखेड़ा, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 2. श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल (प्रोपराइटर मैसर्स सम्राट एंटरप्राइजेज), पता- प्लॉट नं. 8/1, हिमालयन फूड पार्क, महुआखेड़ा, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 3. श्रीमती राजबाला अग्रवाल पत्नी श्री राकेश अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 4. श्री सौरभ अग्रवाल पुत्र श्री राकेश कुमार अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 5. श्रीमती दिशा अग्रवाल पत्नी श्री गौरव अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 6. श्रीमती दीप्ति अग्रवाल पत्नी श्री सौरभ अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 7. श्री संजीव अग्रवाल पुत्र श्री शंकर लाल (जमानती), पता- हाउस नं. 24 बी/2, आदर्श कॉलोनी, सिविल लाइन्स, रामपुर, उत्तर प्रदेश-244901 8. श्री मोहम्मद अली पुत्र श्री मोहब्बे अली (जमानती), पता-मोहल्ला अल्लीखां, वार्ड नंबर 10, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713	बंधक अचल सम्पत्ति (**भूमि व भवन**) के सभी भाग व हिस्से जो कि **खसरा सं. 304, 305, प्लॉट सं. 8/1 महुआखेड़ा गंज, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर** में स्थित है। **क्षेत्रफल 21520 वर्ग फुट या 2000 वर्ग मीटर।** सम्पत्ति **श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल के नाम पर विधिवत पंजीकृत है (लीज डीड सीरियल सं. 6348, दिनांक 01.09.2017 को हिमालयन फूड पार्क द्वारा श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल के पक्ष में जारी की गई है)।** सीमायें (**लीज डीड के अनुसार**)-**पूरब में दूसरों के प्लॉट, पश्चिम में दूसरों के प्लॉट, उत्तर में 15 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण में चक रोड।**	₹ 1,98,00,000.00 ईएमडी ₹ 19,80,000.00 न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि ₹ 25,000.00 **नियम एवं शर्तों के लिए कृपया इस क्यू आर को स्कैन करें**	23.09.2026 अपरान्ह 12:00 से सायं 05:00 कब्जे का प्रकार भौतिक कब्जा	05.01.2024 / 20.05.2024 / ₹ 3,59,39,936.00 (रुपये तीन करोड़ उनसठ लाख उनतालीस हजार नौ सौ छत्तीस मात्र) + ₹ 14,73,943.15 (रुपये चौदह लाख तिहत्तर हजार नौ सौ तिरालिस एवं पैसे पंद्रह मात्र) (अप्राप्त ब्याज) + अप्रयुक्त ब्याज + कानूनी शुल्क + अन्य शुल्क एवं ब्याज 26.12.2023 से प्रभावी

विक्रय के निबन्धन और शर्तो के ब्यौरे के लिए कृपया हमारी वेबसाईट https://www.bankofbaroda.in/e-auction.html एवं https://baanknet.com देखें। भावी बोली दाता प्राधिकृत अधिकारी, मो0-8477000519, 8477009621 से भी सम्पर्क कर सकते हैं। नोट : किसी भी त्रुटि या विवाद की स्थिति में इस नीलामी नोटिस का अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया दिनांक 03.09.2026 को प्रकाशित नोटिस मान्य होगा।

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय : 16.09.2026 को अपरान्ह 12 बजे से सायं 05:00 बजे तक | सरफासी ऐक्ट, 2002 के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का कानूनी नोटिस

एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटरों को अधिसूचित किया जाता है कि वे उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चो सहित नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, की वसूली ब्याज एवं लागत सहित की जाएगी।

दिनांक : 02.09.2026 स्थान : बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, रुद्रपुर

प्राधिकृत अधिकारी

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

बैंक ऑफ़ बड़ौदा

अंचल दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, प्रयागराज 19-ए, द्वारिका भवन, प्रथम तल, टैगोर टाउन, प्रयागराज

अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए सूचना "परिशिष्ट"- IV-ए [नियम 8(6) एवं नियम 9(1) के परंतुक को देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं नियम 9(1) के परंतुक के तहत ई- नीलामी बिक्री सूचना

एतत्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रुप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभारयुक्त सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जे** में लिया गया है, को बैंक के निम्नलिखित खाते के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **"जो है जहाँ है, जो है जैसे है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी/जमानतकर्ता/प्रतिभूति आस्ति/देय/ आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (इएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है-

ई- नीलामी की तिथि एवं समय - 24.09.2026 समय: 02:00 PM से 06:00 PM | ई.एम.डी. जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय - 23.09.2026 समय: 04:00 PM तक

सम्पत्ति निरीक्षण करने के लिए तिथि एवं समय - 05.09.2026 से 22.09.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM

ऋणियों/ जमानतकर्ताओं का नाम एवं पता	अचल सम्पत्तियों का विवरण	कुल बकाया राशि	कब्जा की स्थिति	आरक्षित धनराशि/ अग्रिम धनराशि/ बिड बढ़ोत्तरी राशि
ऋणी:- **मेसर्स विंग्स कामर्शियल कंपनी लिमिटेड निर्देशक - श्री शरद कुमार अग्रवाल, श्री प्रतीक अग्रवाल, श्रीमती नीता अग्रवाल, पंजीकृत कार्यालय-** 76/41-42, चन्द्रा मार्केट, हालसी रोड, कानपुर **निदेशक एवं जमानतकर्ता (मेसर्स विंग्स कामर्शियल कंपनी लिमिटेड) - (1) श्री शरद कुमार अग्रवाल** स्टेशन रोड, काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) **(2) श्री प्रतीक अग्रवाल-** स्टेशन रोड, काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) **(3) श्रीमती नीता अग्रवाल,** स्टेशन रोड, काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) **जमानतकर्ता - आरएसएल इंडस्ट्रीज : पंजीकृत कार्यालय:** 76/41-42 चंद्रा मार्केट, हालसी रोड, कानपुर	**सम्पत्ति संख्या 1-**लीज होल्ड प्लॉट नंबर बी-1(पी), औद्योगिक क्षेत्र, बाजपुर-1, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड), जोकि मेसर्स विंग्स कामर्शियल कंपनी लिमिटेड के स्वामित्व में है, जिसका क्षेत्रफल 1140 वर्गमीटर है। **चौहद्दी- उत्तर:** प्लॉट नंबर सी-1 **दक्षिण-** प्लॉट नंबर बी1 **पूरब-** सडक नंबर 3 **पश्चिम-** प्लॉट नंबर बी2 **सम्पत्ति संख्या 2-**लीज होल्ड प्लॉट नंबर सी1, सी-2, औद्योगिक क्षेत्र, बाजपुर-1, बाजपुर, जिला उधम सिंह नगर, जोकि मेसर्स विंग्स कामर्शियल कंपनी लिमिटेड के स्वामित्व में है, जिसका क्षेत्रफल 8211.57 वर्गमीटर है। **चौहद्दी- उत्तर:** औद्योगिक क्षेत्र की बाउड्री **दक्षिण-** प्लॉट नंबर बी1 और बी2 **पूरब-** सडक नंबर 3 **पश्चिम-** औद्योगिक क्षेत्र की बाउड्री	**दिनांक** 31.03.2026 तक **रु. 9,10,02,514.00** + ब्याज एवं अन्य प्रभार/खर्चे दिनांक 30.06.2009 से प्रभावी	भौतिक	रु. 98,83,000/- (आरक्षित मूल्य) / रु. 9,88,300/- (अग्रिम धनराशि) (जमा करने की अन्तिम तिथि 23.09.2026 समय सायं 4.00 बजे तक) / रु.1,00,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)

नोट: उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बाजपुर, उधम सिंह नगर का बिजली बिल बकाया दिनांक 18.11.2010 तक रू0 1,36,33,777/- रुपये + 10 प्रतिशत संग्रह व्यय *UPSIDC का बकाया, यदि कोई हो।

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बैंक ऑफ बड़ौदा की वेबसाईट का अवलोकन करें:- https://www.bankofbaroda.in/e-auction एवं ऑनलाइन ऑक्सन पोर्टल Baanknet.com बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल नं0- 9451845259, 9909229922, 7800015875 से सम्पर्क करें।

दिनांक : 31.08.2026 स्थान: प्रयागराज प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा